हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

13 पटेल समाज जागरूक एवं मेहनतकश समाज

14 नारी की शिक्षा और सम्मान के लिए शिक्षा का द्वार खोली सावित्री बाई फुले ने




# विकसित भारत बनाने का संकल्प लेकर गांव-गांव पहुंच रही संकल्प यात्रा

## सांसद सुनील सोनी ने कहा-जनहित का सबसे बड़ा माध्यम बनी मोदी की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी विकसित भारत संकल्प यात्रा का पड़ाव आज भाटापारा विधानसभा के ग्राम संजारी नवागांव, गुडेलिया और कोटमी पहुंचा एवं यहां शिविर लगाकर योजनाओं की जानकारी और लाभ दिया गया। उक्त यात्रा कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी एवं उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा बतौर अथिति शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विकसित भारत की शपथ दिलाई और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत की।

सांसद सुनील सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा वंचितों और अंतिम छोर के व्यक्तियों को शासन की प्रमुख योजनाओं से जागरूक कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। सांसद सोनी ने कहा कि मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ियों से भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी डिजिटल स्क्रीन, फ्लेक्स और पोस्टर के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने सभी ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। सुनील सोनी ने कहा कि ग्रामीणों में ऐसे व्यक्ति जो शासन की योजना से अब तक वंचित रह गये थे, उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि पहले 44 तरह के टैक्स थे, लेकिन अब सिर्फ एक जीएसटी है, जिससे सरकार का कर संग्रह बढ़ रहा है और सरकार उसे ▸▸ शेष पेज 13 पर





### सरकारी योजना की दी जानकारी

सांसद सुनील सोनी ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम लोगों को योजनाओं के बारे में जागरूक करें, ताकि वे उन योजनाओं का लाभ उठा सकें। यदि हम ऐसा करने में सफल हो जायेंगे तो हमारा जीवन भी सफल हो जायेगा। उक्त कार्यक्रम को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भी संबोधित करते हुए ग्रामीणों से कहा कि देश पिछले 70-75 वर्षों से एक ऐसे नेता की प्रतीक्षा कर रहा था, जो देश को विकास की ओर ले जा सके और यह 2014 में संभव हुआ। आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत प्रधानमंत्री ने पूरे परिवार को 10 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य गारंटी दी है और इस योजना के अंतर्गत 55 करोड़ से अधिक लोग शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### कोटवार संघ की बैठक आज

**पलारी।** तहसील कोटवार संघ पलारी कि आवश्यक बैठक पलारी के बालसमुंद में 5 जनवरी को सुबह 10 बजे रखी गई है। संघ के अध्यक्ष हेमलाल देवदास ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए समस्त कोटवारों को उपस्थित रहने की अपील की है।

### कट्टा, खाली कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बिहार, नालंदा से आए एक युवक के कब्जे से एक देशी कट्टा तथा दो खाली कारतूस जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक सतीश कुशवाहा के पास से कट्टा तथा खाली कारतूस जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार ग्रेवटी कंपनी के पास खाली मैदान पर एक युवक के पास कट्टा होने तथा उसे बेचने की फिराक में ग्राहक तलाशने की जानकारी मिली। इसके बाद हुलिए के आधार पर पुलिस ने सतीश की घेराबंदी कर गिरफ्तार किया।



### आठ किलो गांजा के साथ ओडिशा के युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की टीम ने ओडिशा के दो गांजा तस्करों को गांजा तस्करी करते गिरफ्तार कर उनके कब्जे से आठ किलो गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस के मुताबिक बलांगीर निवासी खेती कुम्हार तथा सुनील सुना के कब्जे से गांजा जब्ती की कार्रवाई की गई है। दोनों युवक गांजा को तस्करी कर किसी दूसरे शहर में बेचने जाने के लिए इंटर स्टेट बस टर्मिनल में बस का इंतजार कर रहे थे।



### सूने मकान में एक लाख की चोरी

**रायपुर।** टिकरापार थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ उसके सूने मकान से नकदी 12 हजार रुपए सहित एक लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक गौतम विहार, देवपुरी निवासी राजेश रंजन ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर पिछले महीने 28 दिसंबर से 30 दिसंबर की दरमियानी रात उसके सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे के अंदर प्रवेश कर नकदी तथा जेवर पर हाथ साफ कर दिया।

### गाना बंद कराने गए युवक के साथ मारपीट

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में एक युवक ने चार अज्ञात लड़कों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक कचना, सत्यम नगर निवासी खिलेश्वर साहू ने मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। खिलेश्वर ने पुलिस को बताया है कि मोहल्ले में मंगलवार देर रात गाना बज रहा था, जिसे वह बंद कराने के लिए गया। इस बात से नाराज होकर वहां उपस्थित अज्ञात चार लड़कों ने उसके साथ मारपीट की।

## सियासत : मंत्रालय में कार्यभार संभालते ही कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों की ली बैठक

# राज्य के युवाओं को विभिन्न खेल विधाओं के लिए मिलेगा बेहतर अवसर : टंकराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने मंत्रालय महानदी भवन में पूजा-अर्चना कर अपना कार्यभार संभाल लिया।

इसके पश्चात मंत्री श्री वर्मा ने खेल और राजस्व विभाग के विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने खेल प्रतिभागियों के लिए मूलभूत सुविधाओं के विकास, इसकी गतिविधियों और उपलब्ध खेल संस्थानों की जानकारी ली। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि राज्य के युवाओं को विभिन्न विधाओं के खेल के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य के सभी खेल मैदानों का समतलीकरण के साथ-साथ मैदानों को सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर मिले। ग्रामीण स्तर पर बने खेल क्लबों का पंजीयन करने के निर्देश उन्होंने दिये। इन खेल क्लबों को आवश्यकतानुसार अनुदान भी दिया जा सकेगा। खेल विभाग के बजट की जानकारी लेकर खेल गतिविधियों में तेजी लाने यथाशीघ्र बजट प्रस्तुत करने के निर्देश भी उन्होंने दिए।

श्री वर्मा ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए राजस्व के लंबित सभी प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। समय सीमा में निराकृत नहीं करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई संस्थित की जाएगी। इस मौके पर विभागीय सचिव भुवनेश यादव, विशेष सचिव रमेश शर्मा, संयुक्त सचिव हिना अनिमेष नेताम, खेल विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता, संचालक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### मंत्री टंकराम ने मंत्रालय स्थित कार्यालय में पूजा-अर्चना के साथ शुरू किया काम-काज

**बलौदाबाजार।** मंत्रालय में काम काज संचालन के लिए खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा के रायपुर स्थित कार्यालय में पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर प्रशासनिक कार्यालय शुभारंभ के लिए नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने शुभकामनाएं दी। रायपुर के मंत्रालय स्थित कार्यालय में पूजा अर्चना के दौरान विजय केशरवानी, अशोक जैन, अनिल अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, राजेश वर्मा, सुनीता वर्मा, अंशु ताम्रकार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



## पालिका ने जब्त की 8 किलो पालीथिन और वसूला जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

नगर में प्रतिबंधित अवैध रूप से प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय करने पर पर्यावरण विभाग एवं नगर पालिका द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुये दुकानों का निरीक्षण किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार की गई कार्यवाही में निरीक्षण के दौरान नया बस स्टैण्ड में संचालित दुकानों में प्रतिबंधित पालिथीन जब्ती की कार्यवाही की गई, जिसमें जो दुकानदार उपयोग करते पाये गये उनसे सामाग्री जब्त कर अर्थदण्ड भी वसूला गया।

प्रतिबंधित पालिथीन जब्ती की कार्यवाही करते हुये विभिन्न दुकान से 6000 रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया, जिसमें आर्यन गिफ्ट कार्नर से 2000, अंजु किराना स्टोर्स से 1000, मानिकपुरी होटल से 1000, श्रीराम किराना स्टोर्स से 1000, बालाजी बेकरी से 500, पूर्वा होटल से 500 की वसूली की गई। इस कार्यवाही के दौरान लगभग 8 किलो पालिथीन की जब्ती भी की गई। दुकानों के निरीक्षण एवं प्रतिबंधित पालिथीन के उपयोग करते पाये जाने की कार्यवाही के दौरान पर्यावरण विभाग के अभय मिश्रा एवं नगर पालिका से उपअभियंता कमलेश्वरी गुरूपंचायन, राजस्व प्रभारी प्रसुन शर्मा, शतेन्द्र सिन्हा, राजेश यादव, किशोर यादव उपस्थित थे।

## शराब-जुआ के खिलाफ ग्रामीणों ने निकाली रैली



**पलारी।** ग्राम पंचायत गोडा में गुरुवार को अवैध शराब बिक्री एवं अवैध रूप से चल रहे जुआ को बन्द कराने सरपंच कौशिल्या डायमंड साहू के नेतृत्व विभिन्न महिला समूह मातृ शक्ति एवं ग्रामवासी के सहयोग से विशाल रैली निकाली गई। वहीं अवैध जुआ एवं शराब बिक्री को बंद करने लामबंद होकर सभी अवैध कार्य में संलिप्त लोगों के खिलाफ प्रदर्शन कर रैली निकाली।

# अवैध शराब बिक्री करने वालों को पुलिस ने दबोचा, 95 पौवा शराब और बाइक जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



जिले में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर शराब की अवैध बिक्री करने वालों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से कुल 95 पौवा देशी मसाला शराब कुल कीमत 10450 रूपए, बिक्री रकम 500 रूपया एवं एक मोटर सायकिल जब्त की है।

पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ट्रक यार्ड के सामने ग्राम हिरमी में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर ओमप्रकाश रात्रे पिता धनसिंग रात्रे 26 साल साकिन खौवली डबरी थाना खरोरा को पकड़ा, उसके कब्जे से 20 पौवा देशी मशाला शराब 3.600 बल्क लीटर को जब्त किया और अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह इसी तरह ग्राम बुड़गहन रेलवे ट्रैक के पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे राजेन्द्र कुमार भारती पिता पुनीत राम 34 साल साकिन बासीन थाना सुहेला जिला बलौदाबाजार को घेराबंदी कर पकड़ा और उसके कब्जे से 21 पौवा देशी मशाला शराब जब्त की। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

इसी तरह कुथरौद में घेराबंदी आरोपी राजेश यादव पिता सरजु यादव 30 साल पकड़ा गया, उसके कब्जे से 54 पौवा देशी मशाला शराब 9.720 बल्क लीटर कीमती 5940 रूपया एवं मोटर सायकिल जब्त की गई। इसके अलावा पुलिस ने 3 स्थाई वारंट एवं 1 गिरफ्तारी वारंट तामील कर धारा 379, 34 भादवि के स्थाई वारंटी चौनदास सोनवानी पिता दीनदयाल सोनवानी 20 ▸▸ शेष पेज 13 पर

# नाबालिग को भगाकर किया दुष्कर्म, आरोपी युवक गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



नाबालिग बहला फुसला कर शादी का झांसा देते हुए भगाकर ले जाने वाले युवक को पुलिस ने दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया है, जिसे न्यायायिक रिमांड पर जेल भेजा जायेगा।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है दो साल पहले प्रार्थीया 1 सितंबर को थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि पीड़िता 17 साल 4 माह की वह 30 अगस्त को दोपहर 3.30 बजे घर से बिना बताये कहीं चली गई है, जो आज दिनांक तक घर वापस नहीं आयी है। इस रिपोर्ट पर धारा 363 भादस घटित होने की आशंका पाये जाने से गुम इंसान धारा 363 भादस अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला कामय कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अपहृता एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी के दौरान मुखबीर सूचना की सूचना पर ग्राम परसाभदेर में संदेही आरोपी दिनेश पिता कृष्ण कुमार निषाद 22 साल साकिन परसाभदेर थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के घर में उसके कब्जे से अपहृता बालिका को बुधवार 3 जनवरी को गवाहों के समक्ष बरामद किया गया, एवं पीड़िता से पूछताछ करने पर अपने कथन में बताई कि दिनेश निषाद ने 30 अगस्त 2022 के दोपहर 3.30 बजे बहला फुसला कर शादी कर पत्नी बना कर रखने का प्रलोभन देकर अपने साथ ले गया और हैदराबाद एवं धरसीवा में किराये के मकान में रख कर पत्नी के रुप में अपने साथ रखे रहा एवं लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहा। प्रकरण में आरोपी दिनेश निषाद को 4 जनवरी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड तैयार किया गया है। उपरोक्त कार्रवाई में प्रआर उत्तम चतुर्वेदी, कामदेव गायकवाड़ का विशेष योगदान रहा।

## मेटल कंपनी की स्थापना घातक, महिलाओं ने रोकी अधिकारी की गाड़ी

# बिना सूचना के पहुंचे अधिकारी, ग्रामीणों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद

ग्राम मोहभट्ठा में गुरुवार को दोपहर में कुछ अधिकारी बिना सूचना के पहुंचे। पहुंचते ही उन्होंने फोन के माध्यम से कुछ ग्रामीणों को तत्काल पंचायत मोहभट्ठा कार्यालय पहुंचने को कहा। जानकारी मिलते ही पंचायत कार्यालीय में भीड़ लग गई। पहुंचे अधिकारी ने रामा मेटल कंपनी के विरोध में नहीं बनाने पर आवेदन प्रस्तुत के संदर्भ में, साथ ही आवेदन में उल्लेख संबंधित सभी शिकायत गलत एवं लालच और फर्जी कर दबाव पूर्ण तरीके से बिना एनओसी के कंपनी स्थापित करने संदर्भ में निवेदन कर जांच करने के संबंध में कलेक्टर को सूचनार्थ अनुसार उद्योग विभाग से एलके लकरा, साथ में जितेंद्र ढिढी, नारायण साहू पहुंचकर वेरिफिकेशन को पहुंचे हैं। जानकारी में सभी ग्रामीणों ने सूचना देकर आने को कहा पर अधिकारी का रवैया कुछ ग्रामीण समझ पाए और तरह-तरह के सवाल करने लगे, वहीं ग्रामीण के पूछे जाने पर अधिकारी द्वारा संतुष्ट जनक जवाब नहीं मिलने से दहशत में आ गए। कही पिछले दिनों की तरह आज भी किसी प्रकार का धोखा फर्जी कर एफआईआर दर्ज कर पुनः अपराधी घोषित न कर दे, जिससे अधिकारियों को अपना परिचय पूछा गया। साथ ही बिना सूचना के पहुंचने से हमें परेशानी होती है कहा गया। यह सभी बातों के होड़ हल्ला में दस्तखत नहीं करने की बाते को लेकर कहा सुनी हुई।

■ अधिकारी ने न अपना नाम बताया और ना ही किस विभाग से है बताया



### अधिकारी गाड़ी छोड़ पैदल निकले

साथ हरिभूमि से एरिया रिपोर्टर राजू पाल से पूछे जाने पर भी जवाब देने से मना किया गया, जिसके चलते ग्रामीण का विश्वास शंका में बदलते हुए गाड़ी रोक दी गई। वहीं अधिकारी बिना कुछ बताए गाड़ी चालू कर निकलने की तैयारी में थे, किंतु महिलाओं द्वारा गाड़ी रोक दी गई, आगे बढ़ने नहीं दिया, तब अधिकारी ड्रावल समेत गाड़ी से निकल कर 200 मीटर दूर मेन रोड में चले गए। न जाने वहां किसी से फोन के माध्यम बाते कर वापस आए, फिर आके संतुष्ट जनक जानकारी पढ़ कर निकले। अब सोचने वाली बात यह है कि अधिकारी किनके दबाव में यह रवैया अपना रहे है, जहां जनता का रखवाला चाहे पुलिस विभाग हो या फिर संबंधित अधिकारीगन मोहभठा के लोगों को संतुष्ट नहीं कर पा रहे हैं। कही न कही यह सारी बाते सवाल उठाती है। शासन एवं अधिकारियों पर किसका साथ है, क्या चाहती है, तमाम सवाल के घेरे में है।

## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार नहीं मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### मीसा बंदियों का सम्मेलन 10 को, सीएम होंगे शामिल



**रायपुर।** मीसा बंदियों के सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। लोकतंत्री सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने बताया कि 10 जनवरी को वृंदावन हाल रायपुर में आयोजित समारोह में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद कैलाश सोनी भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि भूपेश सरकार ने मीसा बंदियों की सम्मान निधि और अन्य सुविधाएं बंद कर दी थीं। मीसा बंदिया की सम्मान निधि शुरू करने के संबंध में मुख्यमंत्री से चर्चा की गई है। मुख्यमंत्री ने इसे लेकर अधिकारियों को निर्देया दिए हैं कि इसे प्रारंभ करने की कार्रवाई शुरू की जाए। उन्होंने वित्तमंत्री ओपी चौधरी को भी इस संबंध में बजट में प्रावधान करने कहा है।

### शारदा चौक में श्रीराम की चरण पादुका का स्वागत



**रायपुर।** शिवसेना रायपुर जिला इकाई ने श्रीलंका से आई भगवान श्रीराम की चरण पादुका का शारदा चौक में स्थित हनुमान मंदिर में बुधवार को स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेशानुसार आशीष परिडा नेतृत्व में समस्त शिवसैनिकों ने फूल माला तथा पटाखों से भव्य स्वागत किया। शिवसेना नेता आशीष परिडा ने बताया कि यह प्रभु श्रीराम की चरण पादुका श्रीलंका से रामवनगमन पथ होते अयोध्या जाएगी, जिसका प्रत्येक राज्य में युवाओं, हिंदू संगठनों की ओर से स्वागत किया जा रहा है। कार्यक्रम में विकास ठाकुर, संतोष शुक्ला, संजय सोनकर, राकेश यदु, संजू साहू, नरेंद प्रजापति, नरेश चंद्रवंशी, अमर नायक, किशन साहू, गिरिराज देवांगन, चांद यादव, रोहित विश्वकर्मा एवं सैकड़ों शिवसैनिक उपस्थित रहे।

### खेल मंत्री से मिले जिला बॉडी बिल्डिंग के पदाधिकारी



**रायपुर।** रायपुर जिला बॉडी बिल्डिंग और पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन छग के पदाधिकारियों ने खेल मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात की। इसी दौरान 12 से 14 जनवरी तक बॉडी बिल्डिंग और पावर लिफ्टिंग की प्रतियोगिता के लिए खेल मंत्री को आमंत्रित किया। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मानिक ताम्रकार और ऊदल वाल्मीकि ने बताया कि आमंत्रण को खेल मंत्री सहर्ष स्वीकार करते हुए 12 जनवरी को शाम 6 बजे उदघाटन समारोह में आने स्वीकार किया है। इस अवसर पर पावर लिफ्टिंग के सोहन वर्मा, डीएसएन राव, प्रदीप क्षत्रिय आदि उपस्थित थे।

# निर्माण की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं, काम हो समय सीमा में: साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बुधवार को अपने विभागों पीडब्लूडी, पीएचई, और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वरिष्ठ अफसरों की बैठक ली। पहली बैठक में ही उन्होंने अपने कामकाज के तरीके स्पष्ट कर दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों की श्रेष्ठ गुणवत्ता प्राथमिकता होनी चाहिए। इसमें किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं हो। सभी कार्यों को अनिवार्यतः समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। समय-सीमा में काम पूर्ण नहीं होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

### विभाग के प्रमुख अफसर थे मौजूद

लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, सचिव आलोक कटियार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विशेष सचिव डॉ. अय्याज तंबोली भी बैठक में उपस्थित थे। श्री साव ने तीनों विभागों की दक्षता बढ़ाने, तेजी से काम पूरा करने, कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने और बेहतर मॉनिटरिंग के लिए कार्यप्रणाली में सुधार लाने आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

### पीएचई को दिए ये निर्देश

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को जल जीवन मिशन का काम तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने का काम पूर्ण होते ही सड़कों की यथास्थिति बहाल करने को कहा, ताकि नागरिकों को आवाजाही में परेशानी न हो। उन्होंने विभाग के डिवीजन स्तर के कार्यालयों को और अधिक सक्रियता दिखाने के निर्देश दिए। उन्होंने काम के अनुरूप संसाधन बढ़ाने को कहा। उन्होंने आने वाले समय में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता को देखते हुए नए हैंडपंप की स्थापना और मरम्मत के लिए आगामी जून तक की जरूरत के मुताबिक स्पेयर-पार्ट्स की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।



■ पीडब्ल्यूडी, पीएचई और नगरीय प्रशासन विभाग की बैठक

### नगरीय प्रशासन करे शहरों का विकास

श्री साव ने नगरीय प्रशासन और विकास विभाग की बैठक में अधोसंरचना संबंधी कार्यों और नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति की जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों ने उन्हें स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), स्मार्ट सिटी परियोजना, अमृत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति की जानकारी दी। श्री साव ने विभाग में प्रशासनिक सुधार के साथ ही शहरों के लिए योजना बनाकर चरणबद्ध ढंग से काम करने को कहा। उन्होंने शहरी क्षेत्रों के समन्वित विकास पर जोर दिया।

### सड़क के गड्ढे भरें, कराएं मरम्मत

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोक निर्माण विभाग की बैठक में कहा कि गड्ढों वाली सड़कों की तत्काल मरम्मत कराएं। अगले एक से दो महीनों में सभी सड़कों की मरम्मत का काम पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक और वाहनों के लोड के हिसाब से सड़कों का निर्माण कराएं। सड़कों के निर्माण और मरम्मत के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करें। अच्छी गुणवत्ता की टिकाऊ सड़कें बनवाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के सुझाव पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की तरह लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़कों की गुणवत्ता की थर्ड पार्टी मूल्यांकन की व्यवस्था तैयार करने को कहा।

*अच्छा काम करके अच्छी छवि बनाना है*

*उपमुख्यमंत्री ने कहा कि तीनों विभागों को अच्छा काम करना है और जनमानस में इन विभागों की अच्छी छवि बनाना है। उन्होंने काम का पुराना तौर-तरीका बदलते हुए निर्माण और मरम्मत के कार्यों में नई तकनीकों का उपयोग करने को कहा। श्री साव ने खाली पदों पर भर्ती के लिए पहल करने की बात कही। उन्होंने तीनों विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने तीनों विभागों के लिए आगामी बजट की तैयारियों की भी जानकारी ली।*

### उद्यानों को बनाएं बेहतर

उप मुख्यमंत्री ने उद्यानों को व्यवस्थित और साफ-सुथरा रखने को कहा। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ समिति बनाकर उद्यानों के बेहतर रखरखाव का सुझाव दिया। उन्होंने खाली पड़े सामुदायिक भवनों का उपयोग बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी और जिम के रूप में भी इनका उपयोग किया जा सकता है। श्री साव ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों में गुणवत्ता, मॉनिटरिंग और समय-सीमा का ध्यान रखने को कहा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक डॉ. सारांश मित्तर, संयुक्त सचिव पीएस ध्रुव, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता केके पिपरी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता एमएल अग्रवाल और सूडा के सीईओ सौमिल रंजन चौबे भी बैठक में मौजूद थे।

# भाजपा की सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ में हिटलर शाही शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बालको प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के एकतरफा निलंबन के खिलाफ कर्मचारियों के शांतिपूर्ण आंदोलन को लाठी चार्ज करके बलपूर्वक कुचले जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा, साय सरकार बनते ही प्रशासन बर्बरता पर उतर आया है। अभिव्यक्ति की आजादी और लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलना भारतीय जनता पार्टी की परंपरा बन चुकी है। किसी भी तरह की जायज मांग, सलाह, सुझाव या चर्चा की कोई गुंजाइश भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में नहीं है।



■ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे बालको के कर्मचारियों पर लाठी चार्ज निंदनीय-बैज

उन्होंने कहा, बालको प्रशासन कर्मचारियों की वेतन विसंगति और नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों को वापस लेने की मांग को तत्काल पूरा करे। 4 दिनों से शांतिपूर्ण तरीके से टूल डाउन करके प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों पर लाठीचार्ज की घटना निंदनीय है। भाजपा की सरकार पूंजीपतियों के दबाव में कर्मचारियों पर लाठीचार्ज करवा रही है। कर्मचारियों की जायज मांग को कुचल रही है। भाजपा की सरकार बनते ही उद्योगों में मजदूरों के साथ अमानवीय व्यवहार शुरू हो गया है।

## पुलिस ऐसे कार्य करे जिसमें जनता में विश्वास व अपराधियों में भय व्याप्त हो

# विजय ने कहा- सायबर अपराधों के अनुसंधान के लिए और लैब तैयार करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, प्रदेश में तेजी से बढ़ते साइबर क्राइम के लिए पुलिस आधुनिकीकरण के लिए अन्य राज्यों के सफल मॉडल का अध्ययन कर कार्ययोजना बनाए। उन्होंने सायबर अपराधों के अनुसंधान के लिए उच्च गुणवत्ता के सुसज्जित सायबर लैब को तैयार करने निर्देशित किया। उन्होंने गुजरात एवं अन्य राज्यों में सायबर इन्वेस्टिगेशन, क्राइम डिजिटलाइजेशन एवं अधोसंरचना विकास में किये जा रहे कार्य का अध्ययन कर इस दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भी प्रभावी कार्ययोजना तैयार किये जाने निर्देशित किया। उन्होंने विभाग की प्रशासन शाखा, योजना, प्रबंध शाखा और अपराध शाखा सहित अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा, शासन



■ गृहमंत्री ने ली पुलिस विभाग की समीक्षा बैठक

द्वारा बनाए गए कानून व्यवस्था का उचित तरीके से पालन करते हुए आमजनों को समय पर न्याय दिलाना सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न शाखाओं से संबंधित अद्यतन जानकारी से गृहमंत्री को अवगत कराया। उप मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान नशीले पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए विशेष सेल बनाये जाने एवं पुलिस, ड्रग कंट्रोलर एवं नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के मध्य उच्चस्तरीय समन्वय स्थापित कर नशीले पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आधारभूत पुलिसिंग को मजबूत करने कहा। उन्होंने जनोन्मुखी पुलिस व्यवस्था स्थापित करने, जिससे अपराधियों एवं अनैतिक कार्य करने वाले में पुलिस का भय हो तथा आम जनता में सुरक्षा की भावना एवं पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

*ये थे उपस्थित : समीक्षा बैठक में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा के साथ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हिमांशु गुप्ता, एसआरपी कल्लूरी, प्रदीप गुप्ता, विवेकानंद, अमित कुमार, पुलिस महानिरीक्षक सुशीलचंद द्विवेदी, डॉ संजीव शुक्ला सहित पुलिस मुख्यालय एवं गृह विभाग, मंत्रालय के अरुणदेव गौतम, सचिव, गृह एवं संचालक, लोक अभियोजन, डॉ. बसवराजू, सचिव, गृह विभाग उपस्थित रहे।*

### प्रो-एक्टिव पुलिसिंग को दें बढ़ावा

गृहमंत्री ने प्रदेश की कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की एवं प्रो-एक्टिव पुलिसिंग करने तथा छोटी सी छोटी घटनाओं एवं अपराधों में कम से कम समय में कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, पुलिस विभाग में भर्ती की प्रक्रिया की पूरी समय सारिणी तय कर समयसीमा में नियुक्ति करें। उन्होंने पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को जल्द से जल्द विभाग के कर्मचारियों के आवास एवं अधोसंरचना के संबंध में कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये। कर्मचारियों के कल्याण विशेषकर नक्सली हिंसा में घायल कर्मचारियों के कल्याण के संबंध में भी त्वरित एवं संवेदनशील कार्य किये जाने के लिए निर्देशित किया गया।

# सराफा कारोबारियों ने परिचय पत्र के लिए किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के नेतृत्व में सराफा कारोबारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान श्री मालू ने सराफा कारोबारियों की समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सराफा कारोबारियों की सुविधा के लिए पुलिस विभाग की ओर से परिचयपत्र जारी करवाने आग्रह किया। श्री मालू ने मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री साय को बताया परिचयपत्र नहीं होने से सराफा कारोबारियों को एक जिले से दूसरे जिले आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। देर रात को पुलिस प्रशासन रोककर पूछताछ करता है। ऐसे में प्रदेश के सराफा कारोबारियों के लिए पुलिस विभाग की ओर से एक परिचयपत्र प्रदान किया जाना चाहिए, ताकि जरूरत पड़ने पर इस परिचयपत्र को दिखा सकें। हरख मालू ने कहा ऑनलाइन साहूकारी लाइसेंस जारी होने में तकनीकी समस्या के कारण साहूकारी लाइसेंस जारी नहीं हो पा रहा है। इसीलिए राजस्व सचिव को आवश्यक निर्देश जारी कर समस्या का हल करने की मांग की। श्री साय ने सराफा व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल को जल्द ही समस्याओं के समाधान करने आश्वासन दिया। इस अवसर पर पी. उत्तम गोलछा, इंदरजीत सलूजा, प्रहलाद सोनी, विमल बुरड़, रविकांत लुक्कड़, देवेंद्र सोनी, प्रमित नियोगी, अनिल दुग्गड़, प्रिंस सोनी उपस्थित थे।



■ सीएम हाउस में की मुलाकात

# छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर एसोसिएशन की कार्यकारिणी में 231 मिलर को मिली जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ विजय तायल और प्रमोद जैन बनाए गए महामंत्री, चंदन कोषाध्यक्ष
■ प्रदेश कार्यकारिणी की हुई घोषणा

छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बुधवार को प्रदेश इकाई की घोषणा की। इसमें प्रदेश के 231 मिलर को जगह मिली है। विजय तायल और प्रमोद जैन को महामंत्री बनाया गया है, जबकि चंदन अग्रवाल कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। नई प्रदेश कार्यकारिणी में 8 संरक्षक, 2 महामंत्री और कोषाध्यक्ष के साथ 7 वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 16 सलाहकार और 48 उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। छत्तीसगढ़ राइस मिलर एसोसियेशन के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने टीम में 71 मंत्री बनाए हैं। एसोसियेशन की प्रदेश कार्यकारिणी में सभी जिलों से राइस मिलर को लिया गया है।

नई कार्यकारिणी में संरक्षक- महावीर अग्रवाल दुर्ग, देवराज सांखला राजिम, दिलीप अग्रवाल रायपुर, प्रमोद अग्रवाल खरोरा, राजू कस्तावर धमतरी, मोहन पटेल बालोद, बजरंग जिंदल खरसिया, राजू लूंकड़ धमतरी। इसी तरह 7 वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में कवर्धा से लकी शर्मा, राजीव अग्रवाल खरोरा, अमर सुलतानिया जांजगीर, विकास अग्रवाल पत्थलगांव, विजय शर्मा कुरुद, अब्दुल गफ्फार मेनन, मनोज अग्रवाल डोंगरगढ़ शामिल हैं। सचिव के रूप में दुर्ग के संजय गर्ग, कांकेर के शब्बीर मेनन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह उपाध्यक्ष, मंत्री के साथ कार्यकारिणी सदस्यों के नाम का ऐलान किया गया है।

### इन्हें मिली सलाहकार के रूप में जगह

नवल अग्रवाल धमतरी, गोपाल मोदी कोरबा, देवेंद्र भृगु भाटापारा, घनश्याम पटेल रायगढ़, विजय गोयल राजिम, मुकेश जैन रायपुर, विजय केडिया जांजगीर, भोलाराम मित्तल बिलासपुर, मनोज पालीवाल जांजगीर, गिरधारी अग्रवाल राजिम, अजय सचदेव सिमगा, राजेश मित्तल सूरजपुर, संतोष अग्रवाल रायगढ़, संजय अग्रवाल सारंगढ़, विनोद अग्रवाल दुर्ग।

# संचालक महामारी हुए सेवानिवृत, दो अफसर कगार पर, नए चेहरों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए साल की शुरुआत के पहले संचालक महामारी की जिम्मेदारी संभालने वाले डॉ. सुभाष मिश्रा सेवानिवृत हो गए हैं। उपसंचालक स्तर के दो और अधिकारी भी आने वाले दिनों में रिटायर होने वाले हैं। इन अफसरों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का वहन करने के लिए विभागीय स्तर पर नए चेहरों की तलाश शुरू कर दी गई है।

डा. सुभाष मिश्रा संचालक महामारी के साथ अंधत्व निवारण कार्यक्रम के नोडल अफसर की भूमिका भी निभा रहे थे। 31 दिसंबर को उनके रिटायर होने के बाद इन महत्वपूर्ण कार्यों के लिए विभागीय स्तर पर किसी योग्य और अनुभवी चेहरे की तलाश की जा रही है। राज्य में कोरोना के साथ अन्य तरह की संक्रामक बीमारी समय-समय पर अपना असर दिखाती है, जिसकी रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण उपाय किया जाना संचालक महामारी के जिम्मे होता है। इसके साथ स्वास्थ्य संचालनालय में पदस्थ उपसंचालक स्तर के दो अन्य अफसर भी अगले तीन से चार माह के भीतर सेवानिवृत हो जाएंगे। इन अफसरों के पास पीसीपीएनडीटी, मातृ-शिशु स्वास्थ्य जैसी जन स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं के संचालन की जिम्मेदारी है।

■ स्वास्थ्य विभाग में महत्वपूर्ण कार्यों की संभाल रहे जिम्मेदारी

संचालक महामारी के साथ आने वाले दिनों में रिटायर होने वाले दोनों अफसरों के स्थान पर जिम्मेदारी के लिए नए चेहरों की तलाश शुरू की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि इस साल स्वास्थ्य संचालनालय से जुड़े आधा दर्जन से अधिक अधिकारी सेवानिवृत होने वाले हैं। साथ ही जिलास्तर पर बड़ी संख्या में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भी रिटायरमेंट करीब आ चुके हैं।

# एमआईसी की बैठक आज, पेंशन प्रकरण, वेंडिंग पालिसी पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के मेयर इन काउंसिल की बैठक 4 जनवरी को दोपहर 12 गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में आयोजित है। महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में यह होगी। इस बैठक में 10 जोन के 70 वार्डों से प्राप्त गरीबों के पेंशन प्रकरण, निर्माण कार्य संबंधी प्रस्ताव फुटकर पथकर विक्रेताओं के लिए वेंडिंग पालिसी पर चर्चा होगी। नए साल की पहली एमआईसी की बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, परिवार सहायता पेंशन, दिव्यांग, विधवा पेंशन के 300 से ज्यादा प्रकरणों पर एमआईसी की मुहर लगेगी। विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से मेयर इन काउंसिल बैठक नहीं हो पाई थी। इसके साथ ही केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं को वंचितों तक पहुंचाने के लिए 10 जोन में लगाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दौरान भी अलग-अलग वार्डों से जरूरमतंदों ने अपने पेंशन के आवेदन शिविर में जमा कराए हैं। इन शिविरों में प्राप्त पेंशन के प्रकरणों को जोन के माध्यम से मेयर इन काउंसिल की बैठक में रखने की तैयारी है।



### अरुण साव से मिलने पहुंची शहरी सरकार

महापौर एजाज ढेबर अपने परिषद के सदस्यों के साथ बुधवार शाम प्रदेश के नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से मुलाकात करने उनके निवास पहुंचे। इस दौरान महापौर ने एमआईसी के सदस्यों के साथ नगरीय प्रशासन मंत्री से मुलाकात कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए गुलदस्ता भेंटकर शुभकामनाएं दी। इसके साथ शहर विकास से जुड़े कार्यों के लिए राज्य शासन की ओर आवश्यक धनराशि प्रदान करने का आग्रह किया।

### कुकरेजा के बगैर एमआईसी

4 जनवरी को गांधी सदन में होने वाली एमआईसी की बैठक में यह पहला मौका होगा, जब विद्युत व अभियांत्रिकी विभाग का कोई अध्यक्ष तय किए बगैर एमआईसी होगी। विदित हो, पार्षद अजीत कुकरेजा इस विभाग के अध्यक्ष रहे। विधानसभा चुनाव के दौरान रायपुर उत्तर से विधानसभा चुनाव के लिए टिकट की दावेदारी करने के बाद भी उनकी जगह पार्टी संगठन ने तत्कालीन विधायक कुलदीप जुनेजा को कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी बनाया। इससे नाराज होकर अजीत कुकरेजा ने बागी तेवर दिखाते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना परचा भरा। उनके इस बागी तेवर को लेकर पार्टी संगठन ने आगामी 6 साल के लिए उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया था। ऐसे में निगम के गलियारों में यह उत्सुकता बढ़ गई है, उनकी जगह किसी एमआईसी सदस्य को उनके विभाग का प्रभार मिलताहै या फिर महापौर एजाज ढेबर विद्युत एवं अभियांत्रिकी विभाग का प्रभार खुद अपने पास अस्थायी रूप से रखते हैं। चर्चा ये भी है, अजीत कुकरेजा ने अब तक एमआईसी से इस्तीफा नहीं दिया है, इसलिए गुरुवार की बैठक में आ सकते हैं।

# नहीं सुधरे परिणाम गुस्साए छात्रों ने साइंस कॉलेज में जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बुधवार को बीएससी के छात्रों ने साइंस कॉलेज में जमकर हंगामा किया। छात्र पूरक परीक्षाओं के परिणामों से असंतुष्ट थे। उनका आरोप है कि प्रबंधन द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं की जांच में लापरवाही बरती गई है। उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पुनः करवाने तथा नतीजों में सुधार के लिए छात्रों ने प्रदर्शन करते हुए साइंस कॉलेज के मुख्य द्वार में ताला जड़ दिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में छात्रों ने यह प्रदर्शन किया। महाविद्यालय प्रबंधन ने छात्रों के सम्मुख ही उत्तरपुस्तिकाएं दोबारा जांचे जाने की बात कही। इसके बाद छात्रों का प्रदर्शन समाप्त हुआ। गौरतलब है कि बीएससी द्वितीय वर्ष की मुख्य परीक्षा में पूरक की पात्रता प्राप्त करने वाले छात्रों की दोबारा परीक्षाएं नए नियम के तहत आयोजित की गई। इसके तहत दो विषयों में फेल छात्रों को भी मौका दिया गया। इसमें भी बड़ी संख्या में छात्र फेल हो गए। अब छात्र पूरक परीक्षाओं के मूल्यांकन में लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। जनवरी में ही हो सुपर सेप्लीमेंट्री पूरक परीक्षाओं में फेल होने के बाद छात्रों को एक और मौका दिया जाता है। यह अवसर वार्षिक परीक्षाओं के साथ छात्रों को मिलता है। सितंबर-अक्टूबर की पूरक परीक्षाओं में फेल हुए छात्रों को दोबरा पूरक परीक्षा दिलाने का मौका मार्च में होने वाली वार्षिक परीक्षाओं के दौरान दिया जाएगा।

# युवक की लात-घूंसों से पिटाई का वीडियो वायरल, बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



टिकरापारा थाने में एक युवक ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अकारण मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित युवक घटना में शामिल एक युवक को पहचानने की बात कह रहा है, जबकि पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट करने का अपराध दर्ज किया है। घटना धरमनगर की है। युवक के साथ मारपीट की घटना का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें बदमाश युवक की पेल्ट, बांस के डंडे तथा लात-घूंसों से पिटाई कर रहे हैं। घटना चार दिन पुरानी 31 दिसंबर की रात की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक डूंडा निवासी सौरभ उर्फ साहिल यादव ने मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सौरभ ने पुलिस को बताया है कि धरमनगर में कुछ लड़के उसके पास पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज करने से मना करने पर बदमाश सौरभ के साथ मारपीट करने लगे। सौरभ के अनुसार वह अपने एक दोस्त के साथ धरमनगर गली के अंदर घुसा, इसी दौरान बदमाश उसके पास पहुंचे और मारपीट की।

# पत्नी की हत्या, आरोपी को उम्रकैद, एक हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व की घटना

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व एक महिला की हत्या के आरोप में कोर्ट ने उसके पति को उम्रकैद तथा एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मधुसूदन चंद्राकर की कोर्ट में हुई। हत्या की वजह महिला द्वारा फोन में देर तक बात करना बताया जा रहा है।

लोक अभियोजक शमीम रहमान के मुताबिक राजातालाब, नूरानी चौक में किराए के मकान में रहने वाले प्रहलाद यादव को कोर्ट ने कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। प्रहलाद ने 13 दिसंबर 2019 को अपनी पत्नी तारा बाई उर्फ पिंकी की हत्या की थी। पत्नी की हत्या करने के बाद प्रहलाद ने स्वयं थाना पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। प्रहलाद ने पुलिस को अपनी पत्नी की हत्या की वजह बताते हुए कहा कि उसकी पत्नी देर तक मोबाइल में बात करती थी।

इसके चलते उसे अपनी पत्नी के किसी अन्य के साथ संबंध होने की आशंका थी। घटना दिनांक को इस बात को लेकर उनके बीच विवाद हुआ और प्रहलाद ने छोटे साइज के गैस सिलेंडर से अपनी पत्नी के सिर पर मार दिया। सिलेंडर के वार से पिंकी की मौके पर ही मौत हो गई थी।

# पश्चिमी विक्षोभ ने बदला मौसम, सप्ताहभर से 15 डिग्री तक नहीं पहुंचा राजधानी में रात का पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिसंबर के अंतिम दिनों में पश्चिमी विक्षोभ की वजह से राज्य में बदला ठंड का मौसम अब तक सुधर नहीं पाया है। देश के अन्य राज्यों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, मगर छत्तीसगढ़ में जनवरी की शुरुआत रात में सामान्य से ज्यादा तापमान और बेहद कम ठंड के साथ हुई है। राजधानी में सुबह के वक्त मामूली ठंडकता के अलावा और कोई असर नहीं है। यहां सप्ताहभर से रात का तापमान 15 डिग्री तक नहीं पहुंच पाया है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में दिसंबर के अंतिम दिनों से लेकर जनवरी के तीसरे सप्ताह तक ठंड का पीक होता है। इस दौरान अक्सर पश्चिमी विक्षोभ व्यवधान उत्पन्न करता है और आने वाले बादलों की वजह से ठंड गायब हो जाती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ है, 21 दिसंबर को आने वाला विक्षोभ तो गुजर गया, मगर हवा की दिशा पूर्वी ही रह गई और दिसंबर ठंड के इंतजार में गुजर गया। इसके बाद जनवरी की शुरुआत भी ठंड के मामले में अच्छी नहीं रही। आने वाले विक्षोभ की वजह से अभी भी रात का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है। राजधानी समेत समूचे राज्य में ठंड बेहद कम स्थिति में महसूस हो रही है और इसके सप्ताहभर तक बढ़ने की कोई गुंजाइश नजर नहीं आ रही है। अभी राज्य में आने वाली हवा की दिशा स्थिर नहीं है। ऊपरी स्तर पर कभी दक्षिण तो कभी पूर्व से हवा आ रही है। इसके असर से अगले दो दिनों में सरगुजा और उससे लेकर जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना बन रही है। इसका असर मध्य अथवा बस्तर संभाग में होने से पहले जम्मू कश्मीर और उत्तर पाकिस्तान के ऊपर बना पश्चिमी विक्षोभ वाला चक्रवाती घेरा समाप्त हो जाएगा।

## दिसंबर के अंत से गायब ठंड अब तक नहीं लौटी, सरगुजा संभाग में भी तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा

### और बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग की मानें, तो रायपुर में दिन के वक्त छाए हल्के बादलों की वजह से मौसम सामान्य है, मगर रात में पारा अधिक होने की वजह से ठंड सुबह के वक्त सिमटा हुआ है। अगले दो तीन दिनों में शहर का पारा और बढ़ने की संभावना बनी हुई है। रायपुर समेत राज्य में ठंड की वापसी दस जनवरी के बाद ही होने की संभावना है।



### सप्ताहभर का तापमान

| तारीख | न्यूनतम | अंतर |
|---|---|---|
| 27 दिसंबर | 15.6 | +3 |
| 28 दिसंबर | 15.3 | +3 |
| 29 दिसंबर | 15.7 | +3 |
| 30 दिसंबर | 16.2 | +3 |
| 31 दिसंबर | 16.5 | +4 |
| 1 जनवरी | 15.9 | +2 |
| 2 जनवरी | 15.5 | +3 |
| 3 जनवरी | 15.6 | +2 |

### सुबह के वक्त कुंहासा

प्रदेश में भले ही ठंड का असर नहीं हो रहा है, मगर छाए बादलों की वजह से सुबह के वक्त कुंहासे का असर रायपुर समेत पूरे राज्य में नजर आ रहा है। रिहाइशी इलाकों में इसका असर कम है, मगर आउटर में छाए कोहरे की वजह से धूप देर से निकल रही है। सरगुजा संभाग में कोहरे का असर अधिक नजर आ रहा है।

## खबर संक्षेप

### दो घर से सात लीटर शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना थाना में मुखबिर की सूचना पर दो लोगों के घर में छापा मारकर 7 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। जानकारी के मुताबिक बोधन डडसेना पिता स्व मंगलू ग्राम चिर्राचुंआ के घर में छापा मारा गया, जहां से 4000 एमएल महुआ शराब बरामद किया गया। इसी प्रकार ग्राम बिटांगीपाली के आशीष साहू पिता मनहरण के घर में अवैध रूप से रखे 3000 एमएल महुआ शराब जब्त किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट 34 (ए) के तहत कार्रवाई की है।

### हरदी में मड़ई आज

**मगरलोड।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम हरदी में 5 जनवरी शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए साल्हेटोला कांकेर का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम होगा। यह जानकारी उपसरपंच मनहरण निषाद, डिगेश साहू ने दी है।

### भैंसमुंडी में मड़ई मेला आज

**मगरलोड।** ग्राम भैंसमुंडी में नगरवासियों तथा ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में 5 जनवरी शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। मेला में करेली छोटी से रिच्छिन माता का आगमन भी होगा। रात्रि में ग्रामीणों में मनोरंजन के लिए भानपुरी धमतरी का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी घनश्याम साहू ग्रामीण अध्यक्ष व दाऊलाल साहू महासचिव ग्राम विकास समिति ने दी है।

### सिर्री में देवांगन समाज की मंडल बैठक कल

**सिर्री।** देवांगन समाज सिर्री मंडल की कार्यकारिणी बैठक ग्राम इकाई सिर्री में 6 जनवरी शनिवार को दोपहर 12 बजे रखी गई है। बैठक में आगामी वार्षिक अधिवेशन, मां परमेश्वरी जयंती मनाने संबंधी विषयों पर चर्चा होगी। मंडल अध्यक्ष की अनुमति अनुसार अन्य सामाजिक विषयों तथा गतिविधियों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। यह जानकारी सिर्री मंडल सचिव विष्णु देवांगन ने दी है।

### चटौद में संगीतमय रामकथा 8 से

**जीजामगांव।** ग्राम चटौद में पांच दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा का आयोजन 8 से 12 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक संत राजीव लोचन दास चित्रकूट धाम उत्तरप्रदेश होंगे। रामकथा दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक होगी। प्रथम दिवस कलश यात्रा, शिव चरित्र, राम जन्मोत्सव, द्वितीय दिवस धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर, परशुराम संवाद, तृतीय दिवस केंवट प्रसंग, भरत चरित्र, चतुर्थ दिवस कैकयी चरित्र, शबरी प्रसंग, पंचम दिवस सुंदरकांड एवं श्री राम राज्याभिषेक की कथा होगी।

## कार्यक्रम : वृहद सामाजिक सम्मेलन में शामिल हुए उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा

# पटेल समाज जागरूक एवं मेहनतकश समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा/सिमगा





भाटापारा विधानसभा के ग्राम दरचुरा में बुधवार 3 जनवरी को छत्तीसगढ़ प्रदेश(को.) मरार पटेल समाज द्वारा शाकंभरी पूजा महोत्सव-माता सावित्री बाई फूले जयंती एवं वृहद सामाजिक सम्मेलन का आयोजन हुआ। समारोह में अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा शामिल हुए। अध्यक्षता मरार समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुनील पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि प्रेमचंद पटेल, राजेन्द्र नायक, तेजराम पटेल, पवन पटेल, अमर पटेल, लोचन पटेल, गया पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, रामेश्वर पटेल, शोभा राम पटेल, त्रिनाथ पटेल अतिथिगण मंचस्थ थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा कि वनस्पति की देवी मां शाकंभरी ने अपने शरीर से उत्पन्न शाक-सब्जियों, फल-मूल आदि से संसार का भरण-पोषण किया था, जिसकी आराधना करने वाला पटेल समाज एक जागरूक एवं मेहनतकश समाज है, जो अपनी मेहनत से समाज के सभी वर्गों को खाद्य पदार्थ प्रदान करता है। यह समाज न केवल सभी समाजों को पौष्टिक खाद्य पदार्थ प्रदान करता है, वरन रोजगार भी उपलब्ध कराता है। शाकाहार को प्रेरित व प्रोत्साहित करने में मरार समाज का उल्लेखनीय योगदान है।

उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने कहा कि सर्व समाज को पोषक खाद्य प्रदान करने वाला पटेल समाज को समय के अनुरूप आधुनिक खेती करने की जरूरत है। वैज्ञानिक पद्धति का उपयोग करके पारंपरिक खेती को और ज्यादा सुदृढ़ की जा सकती है। कृषि का क्षेत्र आज के समय में इंजीनियरिंग एवं मेडिकल से ज्यादा लोकप्रिय हो रहा है। अतः समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमें खुद को शिक्षित करना जरूरी है। मैं समाज के युवाओं से कहना चाहता हूँ कि उच्च शिक्षा ग्रहण करें तथा इसका उपयोग कृषि को उन्नत करने में करें।

भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने उपस्थित सामाजिकजनों से कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश मरार पटेल समाज द्वारा मेहनत से तैयार की हुई सब्जी से भरी टोकरी मेरे लिए सबसे अमूल्य भेंट है। आप सभी से प्राप्त हुए माधुर्यपूर्ण सम्मान व स्नेह से मैं प्रफुल्लित हुआ मैं इसके लिए आप सभी का सदैव आभारी रहूंगा।

कार्यक्रम में समाज के लिए बनने वाले सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए अतिथियों द्वारा भूमिपूजन भी किया गया। उक्त अवसर पर राकेश तिवारी जिला महामंत्री भाजपा, पूनम मार्कण्डेय, केजुराम बघेल, रमेश धृतलहरे, लखन अग्रवाल, आनंद यादव, चंद्रमणि तिवारी, कमलेश साहू, छोटू यादव, सरस्वती डहरे, हेमसिंग चौहान, धीरज जैन, गोलू अवस्थी, खोमचंद वर्मा,अंजोरी साहू, लिलार पटेल, रानी पटेल, अंजुबाला पटेल,सत्यनारायण पटेल, गोविंद पटेल, वेद प्रकाश पटेल, उमा देवी पटेल, ओम प्रकाश पटेल, ललित पटेल, माधव पटेल, अलख राम पटेल, नीलकंठ पटेल, भगवती पटेल, नर्मदा पटेल, मनहरण पटेल, गौरी शंकर पटेल, भीखा पटेल, रमेश पटेल, शिव पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजिकजन उपस्थित थे।

## परिवादी को बीमा की रकम सात लाख देने उपभोक्ता आयोग ने फैसला सुनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने बुधवार को डाक विभाग को डाक जीवन बीमा राशि सात लाख रुपए मय ब्याज एवं वाद व्यय भुगतान करने का आदेश दिया है। बीमा कंपनी ने युवक की मौत को आत्महत्या मानते हुए बीमा की राशि देने से इनकार कर दिया था। बीमा कंपनी के निर्णय से असंतुष्ट मृतक के पिता ने आयोग में परिवाद दायर किया था। यह फैसला राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश गौतम चौरड़िया ने सुनाया है।

चार वर्ष पूर्व पांच नवंबर 2019 को जशपुर, सीतापुर निवासा केश्वर राम यादव की कुंआ में गिरकर मौत हो गई थी। युवक की मौत के एक माह पूर्व उसके पिता पूनोराम ने अपने बेटे के नाम से डाक विभाग में दो तथा पांच लाख रुपए की पॉलिसी खरीदी थी। बीमित की साधारण मौत पर उक्त रकम देनी थी। पूनोराम ने डाक विभाग में बीमा की राशि क्लेम की, तो डॉक विभाग ने केश्वर की मौत को साधारण मानने के बजाय प्रेम प्रसंग के चलते सुसाइड करना बताकर राशि देने से इनकार कर दिया। इसके बाद मृतक के पिता ने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर किया। जिला उपभोक्ता आयोग ने पूनोराम के पक्ष में फैसला सुनाया। इसके बाद डाक विभाग ने राज्य उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर किया। राज्य उपभोक्ता आयोग ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद मृतक के पिता के पक्ष में फैसला सुनाया।

# जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही भारत सरकार का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

जिले के विकसित भारत संकल्प यात्रा के केन्द्रीय नोडल अधिकारी एवं भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अमित कटारिया, सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम घठोरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री कटारिया का स्वागत अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, सीईओ जनपद पंचायत संजू पटेल आदि ने किया।

- केन्द्रीय नोडल अधिकारी कटारिया ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का निरीक्षण किया

इस अवसर पर टीकाराम पटेल, ज्योति पटेल, अरविंद हरिप्रिया, अमित अग्रवाल, कमल सिदार, सोनू छाबड़ा, मनोज जायसवाल, रविंद्र पटेल, रामकुमार थूरिया, सतीश शर्मा, श्री साहू, रामचरण पटेल, रविंद्र पटेल, यादराम पटेल, रूपलाल साहू, पदमलोचन पटेल, निलेश पटेल, गोपाल बरिहा, सभी जिला अधिकारी, विभागीय अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

श्री कटारिया ने कहा कि रायगढ़ कलेक्टर के बाद आज दस साल बाद यहां आया हूं। आप लोग से मिलकर दोबारा अपनापन खुशी देता है। मैं दूसरे रूप में अब नई जिम्मेदारी संयुक्त सचिव विकसित भारत संकल्प यात्रा के रूप में आया हूं। इसके साथ–साथ भारत सरकार के महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत जिले के नरेगा के सभी कार्यों को देखता हूं। अभी आप सभी ने जो शपथ ली है, उसे भारत सरकार पूरी ताकत से जोर लगाकर 2047 तक भारत को विकसित करने का कार्य कर रहा है। इसके लिए वृहद प्लानिंग हो रही है। यहां के स्टॉल में लगे सभी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाना है। भारत सरकार और राज्य सरकार, सभी विभाग मिलकर अच्छे से कार्य करें। सारंगढ़ जिले के विकसित भारत संकल्प यात्रा की सफलता में ही मेरी सफलता है। कार्यक्रम के अंत में श्री कटारिया ने पौधरोपण किया।



### हितग्राहियों को बांटे गए प्रमाण पत्र

श्री कटारिया ने यात्रा शिविर में लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने अपने स्टॉल में अमित कटारिया को विभागीय कार्यों की जानकारी प्रदान की। इन स्टॉलों में पीएम उज्ज्वला योजना अंतर्गत हितग्राहियों को गैस चूल्हा सिलेंडर, कृषि विभाग की ओर से ड्रोन प्रदर्शन, स्वास्थ्य विभाग की ओर स्वास्थ्य चेकअप एवं दवा वितरण, खाद्य, आयुर्वेद की ओर से आयुर्वेदिक काढ़ा, पशु चिकित्सा की ओर से दवा वितरण, महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सब्जी फल एवं विभागीय प्रदान किए जाने वाले दलिया पैकेट आदि से विटामिन की जानकारी, ग्रामीण विकास एवं जिला अग्रणी बैंक एसबीआई द्वारा राज्य शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को दिए जाने वाली राशि आदि शामिल थे। श्री कटारिया ने सभी के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ ली और हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं मच्छरदानी किट प्रदान किए।

### भर्रीगांव में मानसगान सम्मेलन आज से

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम भर्रीगांव में तीन दिवसीय सस्वर मानसगान सम्मेलन का आयोजन 5 से 7 जनवरी तक किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ की ख्यातिप्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ 5 जनवरी को शाम 4 बजे जिला पंचायत सभापति मीना सत्येन्द्र साहू के मुख्य आतिथ्य, सरपंच सुनीता साहू की अध्यक्षता एवं पुष्पाबाई साहू, अहिल्या साहू, राजकुमारी साहू, त्रिवेणी साहू, गिरिजा साहू, संजय साहू, कुशलराम साहू के विशिष्ट आतिथ्य में होगा। समापन 7 जनवरी को विजय वर्मा सिविल इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य, एचआर साहू अभियंता की अध्यक्षता एवं मेनसिंग साहू, सोनउराम मात्रे, सेवक राम साहू, गोविंद साहू के विशेष आतिथ्य में होगा।

## मां की हत्या करने वाले नशेड़ी बेटे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व सोमवार को पेशे से शिक्षिका पी. नीता राव की हत्या के आरोप में पुलिस ने उसके बेटे पी. नागेश राव को बुधवार को रायपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया है। युवक को पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार नागेश नशे का आदी था, नशे के लिए पैसा नहीं देने पर नागेश ने अपनी मां की हत्या की।



- मां को मारने चेहरे को स्टील गिलास से गोदा

पुलिस के अनुसार पी. नीता की हत्या करने के बाद नागेश अपने शरीर तथा कपड़ों में सने खून के दाग मिटाने के बाद बाथरूम में नहाने गया। बाथरूम से नहाकर निकलने के बाद फ्लैट को बाहर से बंद कर मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार घर में कुछ पैसे रखे थे, युवक उन पैसों को लेकर घर से भागा था। जेब में जब तक पैसे थे, युवक इधर-उधर घूम कर खाने पीने के साथ अपने नशे का शौक पूरा कर रहा था। पैसे समाप्त होने के बाद वह भटकते हुए रेलवे स्टेशन पहुंचा, जहां से वो पकड़ा गया।

# 24 दुकानों से आरडीए कमाएगा साढ़े चार करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जीई रोड स्थित स्वामी विवेकानंद आश्रम के समीप आरडीए द्वारा विकसित किए गए आदर्श बाजार में जर्जर भवन को तोड़कर प्राधिकरण ने 24 नई दुकानें निकाली हैं। इन दुकानों को 30 साल की लीज पर देने टेंडर निकाला गया है। दो दर्जन दुकानों से रायपुर विकास प्राधिकरण को 4 करोड़ 50 लाख रुपए की कमाई होगी। रायपुर विकास प्राधिकरण ने आश्रम के पास आदर्श बाजार में किराये के जर्जर भवन पर लगने वाले स्कूल को खाली कराकर खस्ताहाल भवन को तोड़कर ऊपर तल में 4 और नीचे के तल में 20 दुकानें बनवाई हैं। इन दुकानों को लीज पर देने प्राधिकरण ने टेंडर किया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, पुराने भवन में किराया भी कम था और जर्जर हालत में होने के कारण जान जोखिम का खतरा बना हुआ था। गत वर्ष इसी जर्जर भवन का छज्जा भरभरा कर नीचे गिर गया था, तब अनहोनी होते-होते बची थी। इस बात को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण ने जर्जर भवन को तोड़कर नई दुकानें बनाईं। मुख्य मार्ग से लगी इन दुकानों को लीज पर देने से प्राधिकरण को अब एकमुश्त रकम राजस्व के रूप में मिलेगी।

- पहले जर्जर भवन में किराये पर लगता था बच्चों का स्कूल, अब नया निर्माण

**कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिमगा, जिला, बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
contact us : 07726 – 299374, E-mail id — bmosimga@gmail.com

क्रमांक / एन. एच. एम. / 2023-24 /08 सिमगा, दिनांक 02/01/2024

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत विकासखंड सिमगा में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 02 वाहन एवं जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत प्रसुता महिला तथा अंतःरोगी भर्ती मरीजों हेतु सुबह शाम भोजन एवं नास्ता की व्यवस्था हेतु दिनांक 04/01/2024 से 24/01/2024 तक मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा शर्ते एवं अन्य जानकारी इस कार्यालय के कार्यालयीन समय पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक इकाई कक्ष क्रं. 26 से प्राप्त किया जा सकता है।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिमगा
जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ. ग.)

## पेज 11 के शेष

### विकसित भारत बनाने ..

जनकल्याण में लगा रही है। टूटी सड़कों को ठीक कर परिवहन व्यवस्था को सुगम बना रही है। लोगों को स्वस्थ रख रही है। उन्होंने कहा, "यह संकल्प लेना हम सबकी समान जिम्मेदारी है कि भारत एक विकसित देश बने, भारत प्रगति करे, भारत आगे बढ़े और हमारे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य अच्छा हो। हमारे पास अच्छे डॉक्टर और इंजीनियर हों, हर जगह सफाई हो, आइए हम सब विकसित भारत बनाने में योगदान दें।"उक्त कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी पार्टी पदाधिकारी सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### अवैध शराब बिक्री...

साल साकिन चुचरूंगपुर थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार, धारा 304ए भादवि के स्थाई वारंटी रमेश कुमार पिता रजउ राम ध्रुव 36 साल साकिन लच्छनपुर चौकी करही बाजार थाना सीटी कोतवाली बलौदाबाजार हाल मुकाम दुर्गा कैरियर श्री रायपुर सीमेंट खराडीहर थाना सुहेला जिला बलौदाबाजार, धारा 34 ए आबकारी एक्ट के स्थाई वारंटी गिरधारी पिता परस साहू 30 साल साकिन पेण्ड्री थाना सुहेला जिला बलौदाबाजार भाटापारा के स्थाई वारण्ट एवं एक गिरफ्तारी वारण्ट धारा 34(ए) आबकारी एक्ट में शिवकुमार पिता कार्तिक राम 46 साल साकिन फरहदा थाना भाटापारा ग्रामीण को पकड़कर वारण्टीयों को न्यायालय में पेश किया गया।

उक्त सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी सुहेला निरीक्षक अजय झा, एएसआई माधो प्रसाद साहू, प्रधान आरक्षक संजय सोनी, राकेश ठाकुर, आरक्षक सुरेश वर्मा, करण साय पैंकरा, सहदेव पटेल, बालेश्वर भगत, भूपेन्द्र वर्मा, शांतनु डहरिया का विशेष योगदान रहा। थाना सुहेला में अवैध जुआ, सट्टा, शराब पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### सूने घर से जेवर एवं नगदी की चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के गणेश पारा में एक सूने घर का दरवाजा तोड़कर अज्ञात द्वारा सोने के जेवर सहित नगदी रकम की चोरी कर ली गई है। प्रार्थी सुदन महानंद पिता जीवर्धन 55 वर्ष ने बताया कि मंगलवार को उनका परिवार किसी काम से कहीं और गए थे। इसी दौरान अज्ञात द्वारा घर का दरवाजा तोड़कर अटैची में रखे एक नग सोने की बाली कीमती कीमती 1000 रुपए, दो नग सोने का लॉकेट 2000 रुपए और नगदी रकम 30000 रुपए कुल 33000 रुपए की चोरी कर ली गई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

### घर के सामने से बाइक पार

**महासमुंद।** सरायपाली शहर के बुढ़ादेव नगर में दिलीप पटेल पिता हेमलाल 31 वर्ष के घर के सामने से दिनदहाड़े मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सीजी 06 वाय 2680 कमती 60000 रूपए की अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 379 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### स्कूल के सामने से दो युवती का अपहरण

**महासमुंद।** मंगलवार को आत्मानंद स्कूल तुमगांव के सामने से दो नाबालिग युवती का अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक धनेश्वर यादव कोडार बांध और देव कुमार यादव अछरीडीह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी नाबालिग पुत्रियों को अज्ञात द्वारा आत्मानंद स्कूल के गेट के सामने से बहला फुसलाकर कहीं ले जाया गया है। जिस पर पुलिस ने दोनों ही मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 363 के तहत मामला दर्ज कर पतासाजी की जा रही है।

### प्रति व्यक्ति सीमा अनुसार मदिरा का विक्रय करने के निर्देश

**महासमुंद।** जिले की समस्त मदिरा दुकानों का संचालन सार्वजनिक उपक्रम छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट एजेंसी (मेन पावर) के द्वारा उपलब्ध कराए गए कर्मचारियों के माध्यम से मदिरा का विक्रय कराया जाता है। उन्होंने सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी उपनिरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा है कि अपने प्रभार क्षेत्र की मदिरा दुकानों में शासन द्वारा निर्धारित प्रति व्यक्ति सीमा अनुसार मदिरा का विक्रय किए जाने के लिए मदिरा दुकान के कर्मचारियों को निर्देश दें तथा उक्त संबंध में सतत निगरानी रखें व अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करें।

### तुमगांव में रोज निकाली जा रही प्रभातफेरी

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में अयोध्या रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा राम टोली द्वारा प्रतिदिन नगर के सभी वार्डो में सुबह प्रभातफेरी निकाली जा रही है। श्रीराम के नारे के जयघोष से नगर को राममय किया जा रहा है। रामटोली द्वारा राम मंदिर में एकत्रित होकर सभी राम टोली के सदस्य नगर में गाजे बाजे के साथ राम नाम का गुणगान कर 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर सभी नगरवासियों को घरों में भगवा ध्वज, असख्य दीप प्रज्वलित कर दीपाली उत्सव के रूप में मनाने की अपील की जा रही है। साथ ही अयोध्या से आए अक्षत पत्रक रामचित्र निमंत्रण दिया जा रहा है।

### समस्या का निराकरण नहीं तो करेंगे बिजली दफ्तर घेराव

**महासमुंद।** तुमगांव नगर व क्षेत्र में हो रही अनियमित बिजली कटौती और लो वोल्टेज को लेकर तुमगांव सिरपुर मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल ने विद्युत विभाग के अधिकारी से मिलकर इस समस्या का जल्द निराकरण करने ज्ञापन सौंपा गया। निराकरण नही होने की स्थिति में दफ्तर घेराव व आंदोलन की चेतावनी दी है। बता दें कि तुमगांव क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से लोग परेशान है। दिन और रात में अनेक बार बिजली कटौती की जा रही है।

# नारी की शिक्षा और सम्मान के लिए शिक्षा का द्वार खोली सावित्री बाई फुले ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

ग्राम छुईहा में सावित्री बाई फुले महिला स्व-सहायता समूह द्वारा 3 जनवरी को क्रांति ज्योति माता सावित्री बाई फुले जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत माता सावित्री बाई फुले, महात्मा ज्योतिबा फुले एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के छाया चित्र के पूजा अर्चना कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे रही एवं अध्यक्षता ग्राम पंचायत छुईहा के सरपंच हरिवंश कुमार टण्डन तथा विशिष्ट युवा नेता दीपक टण्डन, भोला लहरे, सुरभि लहरे, अरुण कुमार टण्डन प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला छुईहा, राधेश्याम बघेल अध्यक्ष ज्ञान प्रसार सेवा समिति रायपुर, महेन्द्र द्रौपदी मरावी जनपद सदस्य, कृष्णा रात्रे, ललित कुमार बर्मन, राकेश मानिकपुरी, चन्द्रेश साहू, मलेच्छराम खूंटे, रुसबाई जांगड़े, अध्यक्ष सावित्री बाई फुले महिला स्व सहायता समूह, रुबीना टण्डन सचिव, श्रद्धा बंजारे उपाध्यक्ष रहे।कार्यक्रम में सीमा टण्डन, ललिता टण्डन, मीना टण्डन, सरिता टण्डन, रवीना टंडन, रमाबाई महिलांगे, हेमबाई बंजारे, रंभा टण्डन सुश्री रजनी टण्डन, ऊर्जस्वि जांगड़े, दिव्या, धरमदास बंजारे, राजेन्द्र कुमार टण्डन, गुरुचरण, नरहरि, देवचरण, राजकुमार जांगड़े सहित सैकड़ों छात्र–छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### जयंती कार्यक्रम में रानीगढ़ पहुंचीं विधायक कविता प्राण लहरे



#### नारी शिक्षा के लिए कठिन परिश्रम किया

विधायक कविता प्राण लहरे ने जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि क्रांति ज्योति माता सावित्री बाई फुले एवं महामना महात्मा ज्योतिबा फुले ने विपरीत परिस्थितियों एवं जीवन में अनेक कठिनाइयों से संघर्ष करते हुए नारी शिक्षा एवं नारी के सम्मान के लिए शिक्षा का द्वार खोले। वें देश में प्रथम महिला अध्यापिका बनकर समाज के रूढ़िवादी व्यवस्था एवं अन्धविश्वास से लड़ते हुए नारी शिक्षा के लिए कठिन परिश्रम कर महिलाओं को आत्मसम्मान से जीने का हक दिलाने वाली माता सावित्री बाई फुले एवं महात्मा ज्योतिबाराव फुले से प्रेरणा लेकर हम सब को समाज सेवा के लिए आगे आना होगा तभी हम समाज की भलाई कर सकेंगे। इसके साथ ही अनेक लोगों ने क्रांति ज्योति माता सावित्री बाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जन समूह को संबोधित किया।

## कांग्रेस के कार्यकर्ता जिम्मेदार और आक्रामक विपक्ष की भूमिका निभायेंगे

# विधानसभा चुनाव हम भाजपा से नहीं ईवीएम से हारे : शैलेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा से नहीं इवीएम मशीन से हारी है। इसके विरोध में सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष पूरे तथ्यों एवं प्रमाणों के साथ पूरी जानकारी भेजी जा रही है, ताकि भाजपा यह षड़यंत्र लोकसभा चुनाव में दोबारा दोहरा ना सके। उक्त बातें बलौदाबाजार विधानसभा के कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी रहे शैलेष नितिन त्रिवेदी ने गुरुवार को बलौदाबाजार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मैं निर्वाचन व्यय पत्रक प्रस्तुत करने और स्वीकृत होने की अर्थात चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने की प्रतीक्षा कर रहा था। बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित भाजपा विधायक एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को विजयी होने पर उन्हें बधाई देते हुए श्री त्रिवेदी ने कहा कि बलौदाबाजार जिले से पहली बार मंत्री बनाये जाने से विधानसभावासियों को तेजी से विकास होने की उम्मीद है। श्री वर्मा द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यों में विपक्ष का पूर्ण सहयोग रहेगा।



#### जनभावनाओं का निरादर हुआ है

श्री त्रिवेदी ने विधानसभा चुनाव में मिली पराजय को भाजपा की नहीं बल्कि इवीएम की जीत बताते हुए कहा कि चुनाव परिणाम के बाद मैं लगातार जनता के बीच जा रहा हूं। दुख–सुख में शामिल हो रहा हूं। विभिन्न कार्यक्रमों में जा रहा हूं। खासकर तिल्दा क्षेत्र में ज्यादा आमंत्रण आये हैं। स्पष्ट रूप से यह बात उभर कर सामने आ रही है कि हम भाजपा से नहीं ईवीएम मशीन से चुनाव हारे है। जिला सहित अनेक चिंहित विधानसभा क्षेत्रों में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान के विधानसभा चुनावों में लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ हुआ है, जनभावनाओं का निरादर हुआ है।

#### निर्वाचन नियमों का पालन नहीं किया गया

तिल्दा ब्लाक जिला रायपुर के अंतर्गत आने वाले 110 पोलिंग बूथों के लिए कोहका कालेज तिल्दा–नेवरा में 14 से 16 नवंबर तक अस्थायी रूप से स्ट्रांग रूम बनाया गया था। जिसकी जानकारी सभी दलों के अभ्यर्थियों को नहीं दी गई थी। अन्य सूत्रों से जानकारी मिलने पर तिल्दा शहर ब्लाक अध्यक्ष देवादास टंडन द्वारा अन्य पांच कार्यकर्ताओं के साथ उपरोक्त अस्थायी स्ट्रांग रूम का अवलोकन करना चाहा लेकिन उन्हें जाने से रोका गया। रोकने का कारण भला क्या हो सकता। तिल्दा शहर एवं ग्रामीण (रायपुर जिला क्षेत्र) के कोहका कालेज अस्थायी स्ट्रांग रूम तिल्दा–नेवरा से इवीएम मशीनों को मतदान के पश्चात 18 नवम्बर को कोहका कालेज से बलौदाबाजार जिला तक ट्रक द्वारा वापस लाने की भी जानकारी नहीं दी गयी थी, जबकि बलौदाबाजार कृषि उपज मंडी के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अवलोकन करने संबंधित जानकारी सभी अभ्यर्थियों को बुलाकर दी गई थी। मशीनों को रखने तथा सीलिंग करने एवं स्ट्रांग रूम को खोलने की हर एक गतिविधि की जानकारी दी जाती रही। ठीक उसी प्रकार अस्थायी स्ट्रांग रूम तिल्दा के संबंध में 14 से 16 नवम्बर के संबंध में नहीं दी गई।

#### लोकतंत्र में सशक्त विपक्ष का होना जरूरी

श्री टंकराम वर्मा बलौदाबाजार के विधायक निर्वाचित हुए और मंत्री भी बने हैं। बलौदाबाजार क्षेत्र को पहली बार यह अवसर प्राप्त हुआ है। श्री टंकराम वर्मा को विधायक और मंत्री बनने की बधाई। बलौदाबाजार क्षेत्र का विकास में निर्बाध गति से हो, यही हमारी भावना है। लोकतंत्र में विपक्ष आवश्यक होता है। हम कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता विपक्ष की भूमिका पूरी जिम्मेदारी से निभायेंगे। क्षेत्र की हर मांग को सामने रखेंगे, हर समस्या के समाधान के लिए आवाज उठायेंगे।

#### जिलेवार परिणाम आना समझ से परे

विधानसभा चुनाव के जिलेवार आये परिणामों से यह स्पष्ट होता कि यह जनादेश जनता द्वारा नहीं बल्कि यह पूरी तरह से सुनियोजित किसी योजना का हिस्सा हो जिलेवार परिणाम जो निकल कर सामने आये हैं, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि या तो पूरे जिले में कांग्रेस या किसी जिले में सभी के सभी जगहों पर भाजपा आयी है। जिलेवार किसी एक दल के पक्ष में जनादेश का आना क्या इससे यह स्पष्ट नहीं होता कि जिलेवार ई.वी.एम मशीनों को सुनियोजित तरीके से सेट किया गया हो जो किसी पार्टी या प्रत्याशी को जिताने के लिए किया गया हो।

#### इवीएम पर संदेह के कारणों को गिनाया

श्री त्रिवेदी ने ईवीएम में गड़बड़ी किये जाने का संदेह जताते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र बलौदाबाजार में कुल 306 पोलिंग बूथ आता है, जिसके अंतर्गत जिला–बलौदाबाजार भाटापारा में 196 पोलिंग बूथों के अंतर्गत से लगभग 10,800 मतों से बढ़त मिली। रायपुर जिला के अंतर्गत ब्लाक–तिल्दा, शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कुल 110 पोलिंग बूथों में भाजपा को 48360 मत प्राप्त हुये। इस तरह एक तरफा जनादेश पूरे इतिहास में भाजपा को कभी नहीं मिला। तिल्दा क्षेत्र के परिणाम विगत चार पंचवर्षी में कभी भी भाजपा के पक्ष में एक तरफा नहीं रहा है या तो भाजपा को हार मिली है या मामूली अंतर से जीत। इस बार चुनाव के दौरान तिल्दा क्षेत्र में भाजपा जमीनी स्तर से नदारत थी। निश्चित रूप से बड़ा षड़यंत्र किया गया है। विधानसभा चुनाव हम भाजपा से नहीं ईवीएम मशीन से हारे है। वर्तमान चुनावी वर्ष 2023 में तिल्दा ब्लाक कांग्रेस और भाजपा के मतों का अंतर 19,042 तक जाना समझ से परे हैं।

# शराब लेकर जा रहे युवक को ग्रामीणों ने दबोचा, पुलिस ने भेजा जेल, बाकी साथी हुए फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्रामीण पुलिस अवैध कार्य में सलिप्त लोगों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। बुधवार को भी बाइक में रखकर शराब ले जा रहे युवकों से 60 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब जब्त की गई। जब्त शराब की की कीमती 6600 रुपए आंकी गई है। आरोपियों को धारा 279, 337 भादवि, 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार 3 जनवरी को सुबह 10 बजे मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 04 जेएफ 4424 से दीपक भाट बाइक में शराब लेकर तेज रफ्तार चला रहा था, जहां एक युवक को ठोकर मार दिया, जिससे युवक घायल हो गया। ग्रामीणों ने बाइक चालक दीपक भाट सहित कमलु गेंदले, अमरदास, कुलदीप मधुकर को पकड़े। मोटर साइकिल के पीछे बैठे टिबलु यादव मौका देखकर भाग गया। उक्त घटना की जानकारी पुलिस को दी। थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस मौके पर पहुंची, एक्सीडेंट करने वाले व्यक्ति से पूछताछ की, जहां उन्होंने अपना नाम दीपक भाट पिता ओकेश भाट 20 वर्ष साकिन कत्यानी मंदिर के पास भाटापारा व भागने वाले साथी का नाम टिबलु यादव पिता बिहारी यादव साकिन भाटापारा का होना बताया। आरोपी दीपक भाट के आधिपत्य में रखे बोरी को पुलिस ने चेक किया, जिसमें 60 पौवा देशी मसाला शराब मिली। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### बीईओ वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा

**महासमुंद।** दो दिन पूर्व मंगलवार को अपनी कार से दूसरी कार को टक्कर मारने तथा वायरल वीडियो में शराब के नशे में पाए जाने पर बागबाहरा बीईओ कौशल कुमार वर्मा का जांच प्रतिवेदन को संचालक लोक शिक्षण संचालनालय भेजा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संचालक को भेजे गए जांच प्रतिवेदन में कौशल कुमार वर्मा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा को आरंग जिला रायपुर के समीप नेशनल हाईवे में चालक के साथ शराब के नशे मे थे और अनुपम त्रिपाठी महासमुन्द के फोर्ड इकोस्पोर्ट कार को टक्कर मारा गया । कौशल कुमार वर्मा (मूल पद व्याख्याता) का कृत्य छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत है।

# बांसबिनौरी में शराब बिक्री पर लगा प्रतिबंध, सेवन करते पाए जाने पर लगेगा 20 हजार का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



ग्राम बांसबिनौरी में आम बैठक कर सर्वसम्मति से गांव में शराब को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने का फैसला लिया गया है। अब कोई भी शराब सेवन करते पाए जाने पर दंड का भी प्रावधान किए गया। साथ ही बताने वाले को इनाम देने की सहमती भी बनी हैं। ग्राम पंचायत बांसबिनौरी के लोगों के इस निर्णय की प्रशंसा की जा रही है। वहीं ग्रामीण इस तरह के कार्य के लिए गांव में चर्चा कर आत्मसात करने की बात कही। सरपंच तामेश्वर साहू, पूर्व सरपंच पुरषोत्तम ध्रुव ने बताया कि शराब सेवन करते पाए जाने पर 20 हजार का दंड का प्रावधान है। वहीं बताने वाले को 5 हजार इनाम दिया जाएगा। आरोपी के जमानत लेने वाले पर पर भी अर्थदंड का नियम रखा गया है। उन्होंने कहा कि आम तौर पर देखा जा रहा है कि शराब के कारण गांव का माहौल दिन ब दिन बिगड़ता जा रहा है। खासकर महिलाओं का गली में निकलना मुश्किल रहता है।

मदिरा सेवन करने वाले समुह में रहते हैं और आए देखा न बाए वे अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हैं, जिससे महिलाएं असहज महसूस करती है। उन्होंने कहा की हम ग्रामीणों की एक मर्यादा होती है, गांव में रहते हैं तो सभी से किसी न किसी तरह से रिश्ता नाते का जुड़ाव रहता है, जिसे निभाना आवश्यक ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी भी इस मर्यादा का पालन करें और संस्कारवान बने। शराब को नाश का जड़ बताते हुए कहा कि आए दिन सुनने और पढ़ने को मिलता है कि शराब के नशे में लोग बेतरतीब तरीके से वाहन चलाते हैं, जिससे युवाओं कि असमायिक मृत्यु भी हो जाती है, जिससे घर में और गांव मातम छा जाता है। वहीं इस तरह के निर्णय का महिलाओं ने प्रशंनता जाहिर करते हुए कहा कि गांव की रीति होती कोई भी त्योहार मिलजुल मनाए, मगर शराब सब चौपट कर दिया है। गांव को सुधारने के लिए इस तरह की पहल आवश्यक थी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा बिनैका पहुंची, केंद्र सरकार की योजनाओं से रुबरू हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम बिनैका में बुधवार को केंद्र सरकार की महत्वांकाक्षी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने विकसित भारत संकल्प यात्र पहुंची, जहां यात्रा का स्वागत ग्राम के सरपंच रामनिवास ध्रुव के साथ उपसरपंच व पंचों द्वारा किया गया।

शिविर का शुभारंभ सर्वप्रथम राष्ट्रगान व राजगीत के साथ प्रारंभ हुआ, जहां कार्यक्रम में अतिथियों के साथ ग्रामीणों को विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम में सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने जीवन में आए बदलाव पर विचार व्यक्त किए। शिविर में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं जिसमें



प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत, आयुष्मान योजना, मनरेगा, आजीविका मिशन, उज्ज्वला गैस योजना, प्रधानमंत्री सम्मान निधि सहित अनेक योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। शिविर में सरपंच रामनिवास ध्रुव, उपसरपंच गोपाल यादव, पूर्व सरपंच नारायण वर्मा, पंचायत इंस्पेक्टर हरिश्चंद्र साहू, सचिव कैलाश पुरी गोस्वामी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


# शुकदेव जन्म कथा से श्रोता भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर के गौरवपथ आरटीओ ऑफिस के पीछे चल रहे नौ दिवसीय भागवत महापुराण कथा का गुरुवार को दूसरा दिन था। इसमें पारायणकर्ता पं. चतुर्भुज दुबे हैं। कथा वाचक पं. पुनेश्वर तिवारी ने द्वितीय दिन अमरकथा और शुकदेव के जन्म की कथा सुनाई।

- आज सुनाई जाएगी कपिल व्याख्यान व ध्रुव चरित्र की कथा

3 से 11 जनवरी तक चलने वाले संगीतमय नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में द्वितीय दिन अमरकथा और शुकदेवजी के जन्म का वृतांत विस्तार से वर्णन किया और बताया कि श्रीशुक जी



द्वारा चुपके से अमर कथा सुन लेने के कारण जब शंकरजी ने उन्हें मारने के लिए दौड़ाया तो वह एक ब्राह्मणी के गर्भ में छुप गए।

कई वर्षों बाद व्यासजी के निवेदन पर भगवान शंकरजी इस पुत्र के ज्ञानवान होने का वरदान दे कर चले गए। व्यासजी ने जब श्री शुक को बाहर आने के लिए कहा तो उन्होंने कहा कि जब तक मुझे माया से सदा मुक्त होने का आश्वासन नहीं मिलेगा, मैं नहीं आऊंगा। तब भगवान नारायण को स्वयं आकर ये कहना पड़ा की श्री शुक आप आओ आपको मेरी माया कभी नहीं लगेगी। उन्हें आश्वासन मिला तभी वह बाहर आए। यानि की माया का बंधन उनको नहीं चाहिए था। पर आज का मानव तो केवल माया का बंधन ही चारो ओर बांधता फिरता है। और बार-बार इस माया के चक्कर में इस धरती पर अलग-अलग योनियों में जन्म लेता है, तो जब आपके पास भागवत कथा जैसा सरल माध्यम दिया है, जो आपको इस जन्म मरण के चक्कर से मुक्त कर देगा और नारायण के धाम में सदा के लिए आपको स्थान मिलेगा। श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कपिल व्याख्यान व ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई जाएगी।

